प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

## मत्स्य सम्मान योजना

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा ज़िले में करोड़ों रूपये की विकास योजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए। इनमें जसवां–परागपुर क्षेत्र के बाड़ी में 95 लाख रूप्ये से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण और लगभग 5 करोड़ रूपये की अनेक सड़कों का शिलान्यास भी शामिल हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने डाडासीबा में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्मान निधि योजना के तहत एक हज़ार 12 मछुआरा परिवारों को 35 लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की। इस दौरान प्रत्येक परिवार के बैंक खाते में डी.बी.टी के माध्यम से 3 हज़ार 5 सौ रूपये की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री ने डाडासीबा में नया एसडीएम कार्यालय खोलने का ऐलान किया। उन्होंने कस्बा–कोटला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 24 घंटे संचालित करने का ऐलान भी किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार 2 अक्तूबर को मुख्यमंत्री का अपना परिवार–सुखी परिवार योजना शुरू करेगी। इस योजना के तहत प्रदेश में लगभग 90 हज़ार परिवारों की पहचान की गई है जिन्हें अभी तक सरकार की किसी भी कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिला है। इसके माध्यम से इन परिवारों को लगभग दो–दो लाख रूपये की सहायता प्रदान की जाएगी।

## चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार प्रभावी कदम उठा रही है और पौधरोपण को जनआंदोलन बनाया गया है। उन्होंने आज कांगड़ा ज़िले के ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की सिद्धपुरघाड़ पंचायत में 77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने आम का पौधा रोपित किया और सभी लोगों से पौधरोपण में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। चंद्र कुमार ने कहा कि वन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना शुरू की गई है जिसके लिए एक सौ करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

## राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि राज्य सरकार के व्यवस्था परिवर्तन से समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के भराड़ी में मुख्यमंत्री अपना परिवार–सुखी परिवार योजना के तहत एक जनसंवाद कार्यक्रम में 6 पंचायतों के लोगों से संवाद किया। उन्होंने जन–शिकायतें भी सुनी और अधिकारियों को

इनके जल्द समाधान के निर्देश दिए। राजेश धर्माणी ने बताया कि अपना परिवार–सुखी परिवार योजना के तहत अति निर्धन परिवारों का चयन अंतिम चरण में है और 75 हज़ार रूपये से कम वार्षिक आय वाले परिवार योजना के तहत 20 सितम्बर तक आवदेन कर सकते हैं। योजना में ऐसे परिवारों को 10 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा कार्ड और मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है।

इससे पहले राजेश धर्माणी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मरहाणा में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्रों की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि स्कूल में 6 लाख रूपये के स्टेज का निर्माण होगा और खेल मैदान में चार सोलर लाईटें स्थापित की जाएंगी।

सुजानपुर बीडीसी

हमीरपुर ज़िले के सुजानपुर में बीडीसी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने बाजी मारी है। आज हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित सुरेश चंद और उपाध्यक्ष पद पर रंजना कुमारी ने जीत हासिल की। वरिष्ठ भाजपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक राजेन्द्र राणा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि तीन महीने के इंतजार के बाद इनका चुनाव हुआ है। राजेन्द्र राणा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने जानबूझ कर चुनाव को लटकाए रखा लेकिन अब लोकतंत्र की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो गया है कि जनता का राज्य सरकार से मोह भंग हो गया है।